# INTERNATIONAL TALENT SEARCH EXAMINATION 2024 - 2025

## Class-9

1. हिंदी भाषा की उत्पत्ति किस भाषा से हुई?
a) अंग्रेजी
b) फ्रेंच
c) उर्दू
d) संस्कृत

2. भारतीय संविधान में कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है –
a) बीस
b) इक्कीस
c) बाईस
d) पच्चीस

3. मौखिक ध्वनियों को जिन चिह्नों द्वारा लिखकर प्रकट किया जाता है उन्हें ——— कहते हैं।
a) लिपि
b) व्याकरण
c) बोली
d) भाषा

4. निम्नलिखित में से किसे हिन्दी की मानक वर्णमाला में स्थान नहीं दिया गया हैं?
a) लृ
b) कृ
c) श्री
d) ड़

5. निम्नलिखित शब्दों में किस शब्द के द्वित्व व्यंजन हैं?
a) पुनः
b) इलाहाबाद
c) दिल्ली
d) उत्साह

6. 'क्ष' ध्वनि किस स्वर के अन्तर्गत आती हैं?
a) मूल स्वर
b) घोष वर्ण
c) संयुक्त वर्ण
d) तालव्य

7. जो संज्ञा शब्द किसी धातु, द्रव्य, पदार्थ आदि का बोध कराते हैं, वे कहलाते हैं –
a) समूहवाचक संज्ञा
b) द्रव्यवाचक संज्ञा
c) भाववाचक संज्ञा
d) जातिवाचक संज्ञा

8. व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द इनमें कौन सा है?
a) छात्र
b) बचपन
c) मिठास

d) हिमालय

9. समूहवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?
a) जो संज्ञा शब्द किसी धातु, द्रव्य, पदार्थ आदि का बोध कराते हैं
b) जिन शब्दों से एक ही जाति के व्यक्तियों या वस्तुओं के समूह का बोध होता हो
c) वे संज्ञा शब्द जिनसे प्राणी या वस्तु के गुण, दोष, अवस्था, दशा आदि का ज्ञान होता है
d) जो शब्द किसी प्राणी, वस्तु या स्थान की पूरी जाति का बोध कराते हैं

10. सीता कुछ पढ़ लो। वाक्य में रेखांकित सर्वनाम का प्रकार बताइए
a) निश्चयवाचक
b) अनिश्चयवाचक
c) संबंधवाचक
d) पुरुषवाचक

11. इनमें प्रथम \ उत्तम पुरुष सर्वनाम कौन सा है?
a) उसका
b) तुम्हारा
c) उनका
d) मैं

12. इनमें उत्तम पुरुष सर्वनाम कौन सा है?
a) आप
b) वह
c) हम
d) तुम

13. 'बहुत धन' में कौन सा विशेषण है?
a) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
b) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
c) अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण
d) परिमाणवाचक विशेषण

14. इस कक्षा में चालीस छात्र हैं। रेखांकित शब्द का भेद है
a) गुणवाचक
b) परिमाणवाचक
c) संकेतवाचक/सार्वनामिक
d) संख्यावाचक

15. मानव शब्द का विशेषण क्या होगा?
a) मनुष्य
b) मानवीय
c) पशु
d) अमानवीय

16. 'रेज़ल दूध पीकर सो गई' रेखांकित अंश क्रिया का कौन सा भेद है?
a) प्रेरणार्थक क्रिया
b) नामधातु क्रिया

c) पूर्वकालिक क्रिया
d) सामान्य क्रिया

17. 'राधा पत्र पढ़ती है' वाक्य क्रियाओं के किस भेद में आता है?
a) अकर्मक क्रिया
b) द्विकर्मक क्रिया
c) एककर्मक क्रिया
d) सकर्मक क्रिया

18. 'पिता पुत्र से पत्र लिखवाता है' वाक्य में कौन सी क्रिया है?
a) प्रेरणार्थक
b) अकर्मक
c) सकर्मक
d) द्विकर्मक

19. निम्न में से कौन-सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं हैं?
a) बन्दूक
b) बारूद
c) रिक्शा
d) लोप

20. 'तोता' शब्द किस शब्द-भेद का रूप हैं?
a) देशज
b) तद्भव
c) तत्सम
d) विदेशज

21. 'रज्जु' शब्द का तद्भव रूप हैं?
a) रस्सी
b) राजा
c) राजपुत्र
d) रानी

22. इनमें कौन सा वाच्य का भेद नहीं है?
a) कर्तृवाच्य
b) कर्मवाच्य
c) भाववाच्य
d) अभाववाच्य

23. 'माँ खाना बनाती है।' वाक्य में वाच्य है।
a) कर्तृवाच्य
b) भाववाच्य
c) कर्मवाच्य
d) इनमें कोई नहीं

24. 'नेहा से उठा नहीं जाता।' वाक्य में कौन-सा वाच्य है?
a) कर्तृवाच्य

b) कर्मवाच्य
c) भाववाच्य
d) इनमें कोई नहीं

25. भविष्य पूर्ण काल वाला वाक्य चुनें।
a) वे तब तक आ चुके होंगे।
b) वे तब तक आ जायेंगे।
c) वे तब तक आ जायेंगे।
d) वे तब तक आ चुके होंगे।

26. निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त काल को पहचानें। "हम निर्धारित समय पर गंतव्य तक पहुँचने वाले हैं।"
a) वर्तमान सतत काल
b) भविष्य पूर्ण सतत काल
c) भविष्य सतत काल
d) वर्तमान पूर्ण सतत काल

27. अतीत में किसी समय चल रही क्रिया को व्यक्त करने के लिए किस काल का प्रयोग किया जाता है?
a) भूतकाल अनिश्चित काल
b) भूतकाल पूर्ण सतत काल
c) विगत सतत काल
d) भूतकाल पूर्ण सतत काल

28. 'लाभदायक कार्य करो।' वाक्य का मिश्र वाक्य रूपांतरण होगा–
a) लाभ वाला कार्य करो।
b) वही कार्य करो जो लाभदायक हो।
c) लाभ वाला कार्य ही करो।
d) ऐसा कार्य करो जिसमें लाभ हो।

29. 'नीरजा प्रेम प्रकाश त्रिवेदी के पास गई क्योंकि उसे अपनी हिंदी भाषा में सुधार करना है।' वाक्य का संयुक्त वाक्य रूपांतरण होगा–
a) नीरजा अपनी हिंदी भाषा में सुधार करने प्रेम प्रकाश त्रिवेदी के पास गई।
b) प्रेम प्रकाश त्रिवेदी के पास नीरजा अपनी हिंदी भाषा में सुधार के लिए गई।
c) प्रेम प्रकाश त्रिवेदी के पास नीरजा इसलिए गई क्योंकि उसे अपनी हिंदी भाषा में सुधार करना था।
d) नीरजा को अपनी हिंदी भाषा में सुधार करना है इसलिए वह प्रेम प्रकाश त्रिवेदी के पास गई।

30. 'गिलास नीचे गिरा और टूट गया।' वाक्य संयुक्त वाक्य रूपांतरण होगा–
a) गिलास नीचे गिरा और टूट गया।।
b) गिलास नीचे गिरकर टूट गया।
c) गिलास नीचे गिरते ही टूट गया।
d) जैसे ही गिलास नीचे गिरा वह टूट गया।

31. गजानन में कौन सा समास है
a) द्वंद्व
b) बहूव्रीहि

c) तत्पुरुष
d) कर्मधारय

32. देवासुर में कौन सा समास है
a) बहूव्रीहि
b) कर्मधारय
c) तत्पुरुष
d) द्वंद्व

33. वनगमन में कौन सा समास है
a) बहूव्रीहि
b) द्विगु
c) तत्पुरुष
d) कर्मधारय

34. 'समायोजन' शब्द किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
a) सम
b) समा
c) स
d) सं

35. 'चिरायु' शब्द किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
a) चि
b) चिरा
c) चर
d) चिर्

36. 'बाइज्जत' शब्द किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?
a) ब
b) बा
c) बै
d) बाइ

37. निम्नलिखित में से कौन–सा भेद संधि का नहीं है?
a) विसर्ग संधि
b) व्यंजन संधि
c) लघु संधि
d) स्वर संधि

38. 'महोत्सव' का सही संधिविच्छेद क्या होगा?
a) महा + उत्सव
b) महो + उत्सव
c) महा + त्सव
d) महो + त्सव

39. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं –
a) चार

b) पाँच
c) सात
d) तीन

40. रामू की शराब की आदत ने उसके परिवार की .................. हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए: –
a) बाजी लगा देना।
b) बेइज्जत करना।
c) इज्जत मिट्टी में मिलाना।
d) शर्मसार करना।

41. तुम तो कभी दिखाई ही नहीं देते, तुम्हें देखने को तरस गया, ऐसा लगता है कि तुम ............. गए हो। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए: –
a) ईद के चाँद होना।
b) कहीं गुम होना।
c) घर से बाहर न निकलना।
d) ईद के सूरज होना।

*निचे दिए गए गद्यांश को पढ़े और प्रश्नों के उत्तर दें|

"भारतीय संस्कृति में महिलाओं का एक विशेष स्थान है। महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ की हड्डी हैं। वे हमारे परिवारों को संभालती हैं, हमारे बच्चों को पालती हैं, और हमारे समाज को आगे बढ़ाने में मदद करती हैं।

महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षित महिलाएं अपने परिवारों और समाज के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। वे अपने बच्चों को शिक्षित कर सकती हैं, अपने परिवारों को स्वस्थ रख सकती हैं, और अपने समाज को विकसित कर सकती हैं।

आजकल, महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। वे व्यवसाय, राजनीति, शिक्षा, और अन्य क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही हैं। महिलाओं की सफलता हमारे समाज की सफलता है।"

42. भारतीय संस्कृति में महिलाओं का क्या स्थान है?
a) एक विशेष स्थान
b) एक सामान्य स्थान
c) एक निम्न स्थान
d) एक उच्च स्थान

43. महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण क्यों महत्वपूर्ण है?
a) क्योंकि वे परिवारों को संभालती हैं
b) क्योंकि वे बच्चों को पालती हैं
c) क्योंकि वे समाज को आगे बढ़ाने में मदद करती हैं
d) क्योंकि वे सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं

* निचे दिए गए पद्यांश को पढ़े और प्रश्नों के उत्तर दें|

"चाँदनी रात में तुम्हारी याद आती है, तुम्हारी बातें मेरे दिल को छू जाती हैं। तुम्हारी मुस्कराहट मेरे दिल को खुश कर देती है, तुम्हारी आँखें मेरे दिल को बाँध लेती हैं।

तुम्हारे बिना जीवन सूना है, तुम्हारे साथ जीवन खुशियों से भरा है। तुम्हारी याद में मैं खो जाता हूँ, तुम्हारे प्यार में मैं जीने लगता हूँ।"

44. कवि को किसकी याद आती है?
a) चाँदनी रात की
b) अपने दिल की
c) अपने प्रिय की
d) अपने परिवार की

45. कवि के अनुसार, प्रिय की मुस्कराहट का क्या प्रभाव होता है?
a) दिल को दुखी कर देती है
b) दिल को खुश कर देती है
c) दिल को उदास कर देती है
d) दिल को बोर कर देती है